Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 20 सितंबर, 2022

रेलवे पुलिस बल (RPF) का स्थापना दिवस

भारत में प्रत्येक वर्ष **20 सितंबर** को '**रेलवे पुलिस बल (RPF) का स्थापना दिवस**' के रूप में मनाया जाता है। आरपीएफ एक केंद्रीय सशस्त्र बल है, जो रेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्य करता है। आरपीएफ का इतिहास **वर्ष 1882** का है जब विभिन्न रेलवे कंपनियों ने रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के लिये अपने स्वयं के गार्ड नियुक्त किये थे। बल को वर्ष 1957 में संसद के अधिनियम द्वारा एक वैधानिक बल घोषित किया गया, जिसे **20 सितंबर, 1985** को भारत संघ के एक सशस्त्र बल के रूप में घोषित किया गया था। रेलवे संपत्ति की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी आरपीएफ को सौंपी गई है।

रक्तदान अमृत महोत्सव

रक्तदान अमृत महोत्सव के तीसरे दिन 19 सितंबर, 2022 को **1.30 लाख** से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के **72वें जन्मदिन के अवसर** पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने 15 दिन के **देशव्यापी स्वैच्छिक रक्तदान अभियान** की शुरुआत की थी। **ई-रक्त कोष पोर्टल** पर अब तक पंजीकृत 2.57 लाख से अधिक रक्तदाताओं के साथ इस अभियान के लिये 6000 **से अधिक शिविरों का पंजीकरण** किया जा चुका है। इस पोर्टल के माध्यम से रक्तदाता 17 सितंबर से रक्तदान के लिये पंजीकरण कराया जा रहा है। रक्तदाता आरोग्य सेतु एप पर पंजीकरण कराने का विकल्प भी चुन सकते हैं। एक दिन में 87,137 लोगों ने रक्तदान कर पहले ही दिन नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अभियान का उद्देश्य **स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।** देश में **राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस 1 अक्तूबर को मनाया जाता है।** जैसा कि हम सभी जानते हैं कि, इस वर्ष 15 अगस्त, 2022 को देश की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे हो गए। आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के 75 हफ्ते पहले 12 मार्च, 2021 को केंद्र सरकार ने आज़ादी के अमृत महोत्सव का आगाज़ किया था जो कि 15 अगस्त, 2023 तक चलेगा।

कारगिल अंतर्राष्ट्रीय मैराथन

लद्दाख के **कारगिल** में 19 सितंबर, 2022 को 2000 से ज़्यादा धावकों ने **कारगिल अंतर्राष्ट्रीय मैराथन** में हिस्सा लिया। **कारगिल पर्वतीय परिषद और लद्दाख पुलिस ने सरहद, पुणे** के साथ मिलकर इसका आयोजन किया था। लद्दाख में उपजाई जाने वाली **खुबानी की अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में पहुँच की खुशी में** इस मैराथन का आयोजन **'रन फॉर खुबानी'** के नारे के साथ किया गया। **जिग्मेत नामगियाल पुरुष वर्ग** में और **डिस्किट डोलमा महिला वर्ग में 42 किलोमीटर** की फुल मैराथन के विजेता रहे। **सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे** ने कारगिल के **खी सुल्तान चो स्पोर्ट्स स्टेडियम** से धावकों के लिये विशेष संदेश के साथ मैराथन का **वर्चुअल उद्घाटन** किया। लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद द्वारा इस क्षेत्र को एक आकर्षक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-20-september-2022